भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2794
दिनांक 12 अगस्त, 2026 / 21 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए

तमिलनाडु के तटीय जिलों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण(एनडीएमए) की तत्परता

2794 श्री प्रवीण चक्रवर्ती:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा चक्रवात एवं बाढ़ से निपटने की तत्परता के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का तमिलनाडु के तटीय जिलों में कार्यान्वयन किया गया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी जिला-वार स्थिति क्या है;

(ख) विगत दो वर्षों के दौरान एनडीएमए तथा तमिलनाडु सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित क्षमता- निर्माण कार्यक्रमों, मॉक ड्रिलों एवं आपदा-तत्परता अभ्यास का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त तैयारियों अथवा आकलनों के दौरान आपदा संबंधी तत्परता में किसी प्रकार की कमी को चिह्नित किया गया है, यदि हाँ, तो इसके निवारण के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क): आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुसार, आपदा के समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए आपदा प्रबंधन हेतु नीतियां, योजना और दिशा-निर्देश तैयार करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की है। अपनी स्थापना के समय से, एनडीएमए ने चक्रवातों और बाढ़ से संबंधित दिशा-निर्देशों सहित विभिन्न व्यापक विषयों पर 41 दिशा-निर्देश जारी किए हैं जो एनडीएमए की वेबसाइट [https://ndma.gov.in/ndma-guidelines] पर उपलब्ध हैं। इन दिशा-निर्देशों को अपने राज्यों में लागू करना राज्य सरकारों पर निर्भर करता है क्योंकि आपदा प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की होती है। केंद्र सरकार, तमिलनाडु सहित किसी भी राज्य के लिए दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन से संबंधित जिलेवार आंकड़े नहीं रखती है।

(ख) और (ग): एनडीएमए, तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों की आपदा तैयारी और क्षमता निर्माण के लिए निम्नलिखित कार्य करता है:

i. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA), केंद्रीय जल आयोग (CWC), भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD), राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (NRSC), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF), एकीकृत रक्षा स्टाफ के मुख्यालय (HQ-IDS) आदि जैसे विभिन्न हितधारकों की भागीदारी के साथ बांधों सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर मॉक अभ्यास आयोजित करता है। इन मॉक अभ्यासों में ओरिएंटेशन एवं समन्वय सम्मेलन, टेबल टॉप अभ्यास और भौतिक मॉक अभ्यास शामिल होते हैं। 2023 से 2025 के दौरान तमिलनाडु में आयोजित भौतिक मॉक अभ्यास और टेबल टॉप अभ्यास का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

ii. भारत को एक आपदा-प्रतिरोधी देश बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु उनकी तैयारियों में सुधार करने और उनकी क्षमता निर्माण के लिए पहचान किए गए सर्वोत्तम अभ्यासों और कमियों को उजागर करते हुए, प्रत्येक मॉक अभ्यास के सफल आयोजन के बाद संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के साथ फीडबैक साझा करता है।

iii. बाढ़-प्रवण राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की प्रारंभिक चेतावनी एजेंसियों, प्रतिक्रिया एजेंसियों और स्थानिक आयुक्तों की भागीदारी के साथ दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए मानसून-पूर्व स्थिति की समीक्षा के लिए बैठकें आयोजित करता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की तैयारी, विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, एनडीआरएफ की पूर्व-तैनाती और सर्वोत्तम अभ्यासों एवं सीखे गए पाठों आदि को साझा करने के संबंध में विचार-विमर्श किया जाता है।

iv. मौसम निगरानी एवं पूर्वानुमान एजेंसियों (IMD, CWC, भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS), राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (NCS)) से प्राप्त चेतावनी के आधार पर वास्तविक समय के अलर्ट के प्रसार को सुगम बनाता है।

v. त्वरित बचाव एवं राहत कार्यों के लिए टीमों, उपकरणों और अन्य संसाधनों को जुटाने हेतु एनडीआरएफ, सशस्त्र बलों, संबंधित मंत्रालयों और राज्यों के साथ समन्वय करता है।

vi. एहतियाती उपायों, तैनाती और प्रतिक्रिया प्रणालियों को सक्रिय करने के संबंध में राज्यों का मार्गदर्शन करने के लिए पूर्वानुमानों के आधार पर परिचालन परामर्श जारी करता है।

*****

राज्य सभा अता. प्र.सं. 2794, दिनांक 12.08.2026

अनुलग्नक

पिछले तीन वर्षों अर्थात् 2023, 2024 और 2025 के दौरान तमिलनाडु में आयोजित भौतिक मॉक अभ्यास (फिजिकल मॉक एक्सरसाइज), ऑनलाइन आईआरएस (IRS) प्रशिक्षण और टेबल टॉप अभ्यास (TTEx) का विवरण नीचे दिया गया है:-

क्र.सं.	तिथि	आपदा का नाम	राज्य/जिले
1.	02 सितंबर 2023	चक्रवात	तमिलनाडु
2.	18-19 सितंबर 2024	संयुक्त आपदा प्रबंधन सह टेबल टॉप अभ्यास।	चेन्नई, तमिलनाडु

नाभिकीय ऊर्जा संयंत्रों (NPP) और महत्वपूर्ण अवसंरचना (हवाई अड्डा) पर मॉक अभ्यास - वर्ष 2024 और 2025

क्र.सं.	तिथि	विषय	संयंत्र
1.	09 अक्टूबर 2024	नाभिकीय और रेडियोलॉजिकल आपात स्थिति पर ऑफ-साइट आपातकालीन अभ्यास	एमएपीएस (MAPS) कलपक्कम (तमिलनाडु)
2.	11-12 नवंबर 2025	महत्वपूर्ण अवसंरचना पर मॉक अभ्यास (ME)	एनटीपीसी, तमिलनाडु (एनर्जी कंपनी लिमिटेड, वल्लूर)

*****